भानीं॥ अवलोकत निज दसा भुलानीं॥१५॥ नख दुति मनहुं इंदु परकासा॥ जन मन उदित बिमल आकासा॥ चरन सरोज चारु अरुनाई॥ कुलिसांकुस ध्वज चिन्ह सुहाई॥१६॥ दोहा॥ जंघ जुगल सोभित मनहुं कदली थंभ सरूप॥ निरषि षीन कमनीय कटि॥ बिपिन बस्यौ मृग भूप॥१॥ सुभग उदर लावन्य निधि॥ नाभि भवँर छबि लीन॥ तहां माल मनि रत्न जनु॥ त्रबलि लहरि दुति दीन॥२॥ किधौं बाग मनसिज कियो॥ नाभि सुधारस कूप॥ मनि पँचरँग फूले बिबिधि॥ रोमावली अनूप॥३॥ उर मरकत गिरि पर मनहुं॥ बग पँति गजमनि माल॥ बाहु बिसाल मनहुं उभै षेलत हैं बर ब्याल॥४॥ कंबु कंठ त्रय रेष जुत॥ सोभित अति अभिराम॥ भ्राजत मनि सुभ कौसतुभ॥ जाकी प्रभा ललाम॥५॥ चिबुक मनोहर दसन दुति॥ दामिनि लखति लजाय॥ कल कुंडल झलकत स्रवन॥ सोभा बरनि न जाय॥६॥ नासा सुक सुंदर लसत॥ अधर बिंब फल हेत॥ पहुंचत नहिं ललचात जनु॥ अति अद्भुत छबि देत॥७॥ लोचन लोल कपोल पर॥ कुटिल अलक बिथरान॥ नील कमल पर मधुप कुल॥ मनहु करत रस पान॥८॥ चौपाई॥ बंक भृकुटि मधि तिलक बनाई॥ ता छबि की उपमा नहिं

पाई॥बिसद भाल मरजाद बिहाई।उमगि चलीज
नु सुंदरताई॥१॥सीस किरीट क्रांत की सोभा॥ला
जत कोटि अदित कीआभा॥हरि छबि निरषि बिब
स ब्रज गोरी।तन मन बिसरि भईं मति भोरी॥२॥
अरस परसपर रूप निहारैं।चितवत पलक न अं
तर डारैं॥हरि यह दसा निरखि सुख पावैं।हाव
भाव करि प्रेम बढ़ावैं॥३॥जा पदकंज सनक उर
लावैं।नारद आदि निरंतर ध्यावैं॥पद परागरज जाच
त योगी।तिहि ब्रज बनितन मान्यौ भोगी॥४॥ हरि
कों संतत भक्ति पियारी।ज्यौं त्यौं कोऊ भजो नरनारी
॥जिनहिं भई हरि पद परतीती।भजहिं स्याम रिपुद
ल मन जीती॥५॥लोचन हरि दरसन पुट प्यावैं।स्या
म सुजस श्रुति सुनि चित ल्यावैं॥नासा स्याम सुगंध
लुभानी।रसना हरि हरि बोलत बानी॥६॥ सब म
ग है स्यामहिं उर ल्यावैं।एकहु स्वास न हरि बि
सरावैं॥जीवन मरन न सुष दुष तिन कौं।केवल
हरि पद धन है जिन कौं॥७॥ षान पान को ब्यस
न तजैं जे।निःकामी है हरि हि भजैं जे॥तिनु कौं ह
रि नहिं गहरु लगावैं।कोटि कोस तैं छिन मैं आवैं
॥८॥अगम सुगम अरु तृन हि सुमेरू। करत भ
क्त बस रंक कुबेरू।बेद बिदित निगमा गम गाई।

भक्त बस्य प्रभु रहत सदाई॥९॥ प्रथम स्याम जाँच
न निजजन को॥ दृढ़ बिस्वास लषत तिहि मन को
॥ गोप रवनि प्रभु नीके जाँची॥ एकहु अंग नहीं सो
काँची॥१०॥ आपुहि कान्ह भईं ब्रज बाला॥ प्रेम म
गन हिय हरष बिसाला॥ सरबस बिसरि स्याम र
स पागीं॥ मनहुँ रंक निधि लूटन लागीं॥११॥ के धौं मा
नहुँ गोपी जूथा॥ निरषत बधुहि चकोर बरूथा॥ ब्रज
तिय प्रेम बरनि नहिं जाई॥ जेहि लषि ऊधो ग्यान भु
लाई॥१२॥ एकहि दसा सकल ब्रज गोरी। कछुक
अधिक ब्रषभान किसोरी॥ धन्य धन्य श्री मुष तें भा
ष्यो॥ गोपिन सौं अंतर नहिं राष्यो॥१३॥ तुम सब अ
ति मम प्रान पियारी॥ मोतें कबहुँ पलक नहिं न्या
री॥ कहा भयो हौं बिछुर्यौं जोई॥ मन तें बसत स
दाँ ब्रज सोई॥१४॥ सुनि गोपी हरि अमृत बानी॥ भ
ईं प्रफुल्लित अति सुख मानी॥ भोजन बार जानि
घन स्यामा॥ गये नंद जसुदा के धामा॥१५॥ तब प्या
रिहि रुकमिनी उठाई॥ निज स्नान मंदिर में ल्याई॥
पुनि अति मज्जन करि अन्हवायो॥ जल सुगंध अ
ति चित हुलसायो॥१६॥ दोहा॥ निज कर तें बेनी गु
ही॥ कोमल केस बनाय॥ अंग अंग भूषन सज्यो॥ मं
जुल पट पहिराय॥१७॥ षंजन दृग अंजन अंजो॥ बेंदी भा

ल सँवार॥ अति सप्रीति प्यारिहि सकल कीन्हे सु
भग सिंगार॥ २॥ सोभा अद्भुत को गनहि। सहज रू
प की रास॥ नव सत सजि सिंगार मनु। किय ससि
कोट प्रकास॥ ३॥ इहि बिधि सब ब्रज सुंदरिहि। भू
षन बसन बनाय॥ पुनि कीन्हे भोजन बिबिधि। व्यंज
न बरनि न जाय॥ ४॥ मृदु मंजुल पकवान सुठि। सर
स मिठाई चारु॥ षट रस नाना भाँति के। किये अने
क प्रकार॥ ५॥ करत बियारू राधिका। सब ब्रज कुँव
रि समेत॥ परसत रानी रुकमिनी। निज कर करि अ
ति हेत॥ ६॥ सत भामा अति मन कुढ़त। देषि न हृद
य समाय॥ पुनि पुनि हँसि हँसि कहत मुष। बानी
व्यंग सुनाय॥ ७॥ कत परसत पकवान मृदु। भावत
व्हैहै नाहिं॥ दूध दही घृत देहु ज्यौं। रुचि सौं भोजन
षाहिं॥ ८॥ चौपाई॥ सुनि सुनि सतभामा की बानी।
गोपी आपुस मैं बतियानी॥ यह रानी अति षोटी
भारी। घूँघुट मैं मुसकावत प्यारी॥ १॥ मन मैं कहत
और नहिं कोई। यह रानी सत भामा होई॥ भोजन
करि पुनि अचवन कीन्हा। रुकमिनि सब कर बीरा
दीन्हा॥ २॥ भयउ अस्त रबि निसि प्रगटानी। निज नि
ज सदन गई सब रानी॥ इहाँ नंद जसुमति के पासा
। करत बात हरि परम हुलासा॥ ३॥ निसि बड़ जानि

सेज बिछवाए। जदुनायक निज मंदिर आए॥ रुक
मिनि तब प्यारिहि पौंढ़ाई। सब को सादर सेज बि
छाई॥४॥ आपु न हरि के मंदिर आई। चापन ल
गी चरन सुषदाई॥ मन मोहन कौं नींद न आई
। रुकमिनि प्रति यौं कह्यौ बुझाई॥५॥ अब लौं
प्यारी पौंढ़ी नाहीं। यातैं नींद न मो दृग माहीं॥ त
ब रुकमिनि कर जोरि सुनाई। हौं प्यारि हिं प्रथम
हिं पौंढ़ाई॥६॥ स्याम कह्यौ देषहु किन जाई। वा
कौं नींद नेकु नहिं आई॥ राधा कौ जब जननि
सुवावै। तब सो छिन तेहि दूध पियावै॥७॥ परी
बान यह बारे पन की। को जानै अब वाके मनकी
॥ यह सुनि कै रुकमिनि उठि धाई। तुरतहि निज
करपय औटाई॥८॥ कनक कटोरे मैं ढरकायो। अ
तिहि उतावल मैं न सिरायो॥ हेत सहित अंचर दे
ल्याई। राधा कौं जागत ही पाई॥९॥ फूँकि फूँकि पय
प्यारि हि प्याई। पुनि आपुन हरि मंदिर आई॥ ब
हुरि लगी त्यौं चरनन चापन। सो करि हरि षैंच्यो प
ग आपन॥१०॥ रुकमिनि कहत गई हौं नीके। अब
ही कौन बिथा भई जीके॥ प्यारी कौं तातो पय प्याई।
या तैं जर्‌यौ पर्‌यौ पग आई॥११॥ सोय रहो न सुनी
अब ताई। अचरज बात न परत पत्याई॥ सुनु रुक

मिनि मैं साँची भाषीं॥ तुम तैं कछु अंतर नहिं राषीं॥
१२॥ सदा एक रस मन क्रम बानी॥ राधा मोपैं रहत
लुभानी॥ उर मैं राषत चरन हमारे॥ तातैं परे दू
ध के छारे॥ १३॥ निसि बासर मेरो ही ध्याना॥ मोहि
छाड़ि तिहि बात न आना॥ मैंहूं वातैं होत न न्यारो
॥ झूठ कहौं तो सपथ तुम्हारो॥ १४॥ तबहि स्याम नि
ज पाय दिषाई॥ तब रुकमिनि मन अति पछताई
॥ प्रीति समुझि मन मैं सुष मानी॥ धन्य धन्य राधा
कौं जानी॥ १५॥ बहुरि कहन हरिजू सौं लागी॥ हौं
कह तुमरी नहिं अनुरागी॥ बसत नहीं कत मो उर
माहीं॥ साँच कहहु प्रभु यह हम पाहीं॥ १६॥ दोहा
॥ स्याम कही सुनु रुकमिनी॥ मम पद तो उर नाहिं
॥ सदा बसत तुमरे चरन॥ मेरे हिरदै माहिं॥ १॥ ऐसी
बिधि बहु बात कहि॥ रुकमिन कौं समुझाय॥ दीर
घ रजनी जानि अति॥ सैन कियो जदुराय॥ २॥ इत
प्यारी कौं कल नहीं॥ बढ़ौ हृदै दुष पीन॥ तरफरा
त अति सेज पर॥ जल बिहीन जिमि मीन॥ ३॥ नीद
न आवत नैन मैं॥ कहत अलिन प्रति बैन॥ नंद नं
द ब्रज चंद बर॥ कहाँ गये सुष दैन॥ ४॥ मिले स्या
म जान्यौ जगत॥ मिट्यो न बिरह बियोग॥ हौं बिर
हिन बिरहिनि रही॥ घर घर भोगत भोग॥ ५॥ बार बा

र आवत मन हिं। मरिये सषी कछु षाय॥ काहि प
रे षा कीजिये। वे रानिन के राय॥ ६॥ आसा लगि
तब प्रान है। अब न राषिहौं एह॥ जीव जाहु तो जा
हु बरु। निबहो स्याम सनेह॥ ७॥ कहत सषी सुनि
राधिका॥ कत मन होति अधीर॥ को जाने हरि आ
वहीं। समुझि हमारी पीर॥ ८॥ चौपाई॥ अंतरजामी
मदन गुपाल। प्रगट भये मोहन ततकाल॥ गग
न बरन राजीव बिलोचन। सीस सिषंड मदन मद
मोचन॥ १॥ कुंडल जुगल मनोहर कानन। कोटि दि
नेस लजत दुति आनन॥ अलक झलक कपोल प
र सोह्यो। देषत ब्रज युबतिन मन मोह्यो॥ २॥ चितवन
चारु निरषि छवि भूलीं। अंबुज इव ब्रज भामिनि फू
लीं॥ प्यारी की गति कही न जाई। मनु ससि सूकत बर
षा पाई॥ ३॥ मन भावन लीन्हो उर लाई। घन दामिनि
छवि लषि ललचाई॥ भये परसपर जुगल अधीरा।
समुझ न परत प्रेम की पीरा॥ ४॥ अति प्रबोध कीन्हे
सुष दाई। ब्रज की बिछुरन बिथा नसाई॥ पुनि वैसहि
गोपिन उर लायो। सकल ताप संताप नसायो॥ ५॥ इ
तने दिनन कहाँ हे प्यारे। अब कबहूँ जनि हूजै न्यारे॥
सुधि करि कह्यो पकरि दुउ हाथा। काहे कियो कूबरी
साथा॥ ६॥ भोगत भोग कंस की दासी। हमको पठयो

योग उदासी॥यह सुनि स्याम मंद हँसि दीन्हीं।छोभ सकल ब्रज को हरि लीन्हीं॥७॥बातन हीं दीन्हीं ब हराई।करन लगे चरित्र सुषदाई॥हास बिलास प रसपर करहीं।वे ब्रज कुंज केलि मन धरहीं॥८॥ स्यामा स्याम निरषि इक ठौरैं।गोपी रास मंडली जो रैं।एकन करत प्रेम की घातैं।सुमिरि सुमिरि सो द्वार स की बातैं॥९॥वे ब्रज भाव धरत ब्रज बाला।लषि अति सुष पावत नंद लाला॥जाके मन जो जैसी भा ई।ताकी त्यौं अभिलाष पुराई॥१०॥स्यामहिं बिसरि गईं सब रानी॥और सकल बिसरी रजधानी॥रुकमि नि तहँइ रहत ब्रज जन मैं।लषि लषि चरित अनंदि त मन मैं॥११॥हरि राधा के बदन निहारो।अपने भा गहि धन्य विचारो॥श्री मुष कही सुठोना कीन्हीं।त्रि भुवन पति निज बस करि लीन्ही॥१२॥और सक ल महलन के माहीं।बिरह बिथा फैली चहुँ घाहीं॥ धरत न धीर पीर अति तन मैं।पे न बसाइ कुढ़त मन मन मैं॥१३॥कोउ कह हम कहँ बिधि प्रतिकूला ।उनकौं सब बिधि भा अनुकूला॥यौं महलन बिल लावत रानी।ब्रज जन मैं अटके दधिदानी॥१४॥नव सुष लेत सकल ब्रज बामा।रहतिं स्याम संग आठो जामा॥हरि मुष निरषि मगन मन सब हिन।मानहुं ह

म बिछुरे नहिं कबहिन॥१५॥भाँति भाँति रंग रस उ
पजावैं।नाना बिधि सुष कहत न आवैं॥काहू मन
कछु साध न राषैं।पूरन भईं सकल अभिलाषैं॥१६॥
॥दोहा॥ नंद जसोदाहूं निकटारहत सदा गोपाल॥
बाल चरित्र करत तहाँ।कौतुक सिंधु कृपाल॥१॥ज
सुमति बैसहि स्याम हित।गोरस रषति जमाय॥धौ
री धूमरि धेनु पय।प्रीत सहित औटाय॥२॥ हरि रुचि
लहि नवनीत सदा।मथति आपने पान॥माँगि माँगि
कै षात नित।त्यौं हीं स्याम सुजान॥३॥ बदनप्रभा निं
दत बिधुहि।लोचन सरस बिसाल॥जलद स्याम त
न पीतपट।उर मतंग मनिमाल॥४॥चरन सरोरुह
अरुन छबि।महिमा बरनि न जाय॥जिहि सुबास ब
स ह्वै बंध्यौ॥सिव मन मधुप लुभाय॥५॥सो सिसु लीं
ठानत चरित।नंद सदन के माहिं॥छिन छिन नव ली
ला करत।बरनत आवै नाहिं॥६॥कबहूँ लोटत गो
द मैं।अंग न माय जसोद॥सषन संग षेलत कबहुं
।बाढ़त प्रेम प्रमोद॥७॥देषि देषि सुर सिद्ध मुनि।पु
नि पुनि मन ललचाहिं॥कहत धन्य धन्य ब्रजजन।इ
न सम हम भये नाहिं॥८॥ चौपाई॥ तहं रिषि हरि
दरसन कौं आये।जे कुरुक्षेत्र षेत्र में छाये॥मारकंड
सुक व्यास सप्तमुनि।नारदादि जे महा तपोधनि॥१॥

तिनहिं लेन हरि अग्र सिधाए। संग हलधर बसुदेव सुहाए॥ स्वागत कहि पद सीस नवाये। ऋषियन आसिष बचन सुनाये॥ २॥ हरि की छबि अति अतुल बिलोकी। भये मगन मन सकहिं न रोकी॥ मुनि की दसा निरषि जदुबीरा। श्रवत सरोरुह नैनन नीरा॥ ३॥ कर तैं कर गहि मंदिर ल्याये। मुनि जन मगन प्रेम जल छाये॥ अरघ पाद्य दै पूजा कीन्हा। सादर सबहि बरासन दीन्हा॥ ४॥ पुनि करजोरि कह्यौ जदुराई। बड़ी कृपा कीन्ही रिषिराई॥ जाके दरसन देवहि दुर्लभ। सो प्रभु हम पाये अति सुल्लभ॥ ५॥ कोटि कोटि जप तप व्रत कीजै। तीरथ जाय दान बहु दीजै॥ इह सब किए लहै फल जोई। सत संगत सो छिन मैं होई॥ ६॥ सकुचि कह्यौ मुनिवर विज्ञानी। क्यौं न कहौ प्रभु ऐसी बानी॥ राषत जन की सदा बड़ाई। गावत बेद बिरद चलि आई॥ ७॥ सकल बिदित तुमरी प्रभुताई। सिव सहसानन पार न पाई॥ नेति नेति कहि तिनहुं बषानत। सो तुम हमरी अस्तुति ठानत॥ ८॥ तुम परब्रह्म बिस्व करतारा। नमो नमो तुम बारंबारा॥ तुमहिं भजहिं जे कृपानिधाना। तिनकौं उभै लोक कल्याना॥ ९॥ नाम तुम्हारो आनंदमूला। सुष प्रद सकल समन भव सूला॥ जप तप तीरथ दांन बतावत। लोगन के म

ति को भरमावत॥१०॥तुम सब के गुरु सबके स्वा
मी।तुम सबहिनके अंतर जामी॥अद्भुत सगुन चरि
त्र तुम्हारा।जिहि भजि नर उतरहिं भवपारा॥११॥सु
ष संदोह सदा अविकारा।नरतन धर्यौ हरन भुव
भारा॥ तुम निज रूप दुरायो ऐसे। दारु मध्य दावानल
जैसे॥१२॥कोउ पति पुत्र सगे करि मानत।कोऊ स
त्रु मित्र करि जानत॥तुम्हरी माया जगत उपाया।जै
से कों तैसे मग लाया॥१३॥जापर कृपा तुम्हारी होई
।रूप तुम्हारो जानै सोई॥पुरुष पुरातन अबिगतिगा
मी।जै हरि बार बार प्रणमामी॥१४॥सुनहिं पुराण ग्र
ही गुण गावैं।सिद्ध मुनी जन तारी लावैं॥प्रेम भक्ति बि
नु मुक्ति न होई।सकल ग्रंथ हम देषे जोई॥१५॥ ॥
नाथ कृपा अब हम पर कीजै।सगुन भक्ति आपन प्र
भु दीजै॥इहि बिधि मुनि हरि के गुन गाई।पुलकित
प्रेम रहे अरगाई॥१६॥ दोहा॥ सुनि मुनि जन के बच
न बर।बिहँसे।स्याम सुजान॥दिये कृपा करि तिनहिं
हरि।सगुन भक्ति बरदान॥१॥ हरि माया मोह्यौ जगत
।पहिचानत कोउ नाहिं॥श्रीबसुदेव न जानहीं॥ अरु
बपुरे किन माहिं॥२॥रिषि सन तब बसुदेव तहं। क
ह्यो जोरि जुग हाथ॥ दरस दियो जन जानि मोहि। की
न्हो नाथ सनाथ॥३॥समन सकल अघ दरस तुव

पापी पावन होय॥ पारस परस कुधातु ज्यौं॥ डार
त अवगुन षोय॥४॥ जैसे परम कृपा करी। दरस दि
यो रिषिराज॥ उपदेसिय प्रभु ज्ञान कछु। टूटहिं कर्म
समाज॥५॥ हौं बिषई बस मोह के। गृह सुष में लव
लीन॥ इंद्री गन के रस बिबस। रहत सदा आधीन॥
६॥ सत संगत सेयो नहीं। कियो न जप तप याग॥
बाद गँवायो जन्म नर। अजहुँ न आयो बाज॥ ७॥ जातैं
बाढ़ै धर्म प्रभु। होहि कर्म दलषीन॥ सो उपाय मोहि
भाषिये। तुम मुनि प्रेम प्रबीन॥ ८॥ चौपाई॥ सुनि बसु
देव बचन यौं भाई। बिहँसि कह्यौ तिनतैं मुनिराई॥
जासु तनै बलिराम कन्हाई। जप तप तिनके को अ
धिकाई॥१॥ अषिल ब्रह्मंड उदर है जाही। ते प्रभु बिह
रत तव गृह माहीं॥ अलष अबद्य अखंड अभेवा
। कृपा कटाछ सुबंछहि देवा॥२॥ जाकौं षोजैं बिधि
भव जोगी। ते तव भवन आय भये भोगी॥ तुम सम
भाग न त्रिभुवन माहीं। माया बस सो जानत नाहीं॥
३॥ घट घट श्याम मध्य को बासा। सकल ठौर ज्यौं भा
नु प्रकासा॥ हरि को रूप लषैं यौं जानी। तिन कहँ कहैं
भक्त बिज्ञानी॥४॥ तातैं मन बच क्रम करि मानौ। देव
देव इनहीं कौं जानौ॥ अलष निरंजन ब्रह्म कहावैं। भ
क्त बस्य प्रभु तन धरि आवैं॥५॥ रमा रमन गंजन भव

भीरा।जन रंजन भंजन पर पीरा॥ऐसे प्रभुहि भजइ न
हिं जोई।दीन मलीन दुषित अति सोई॥६॥सुर नर
मुनि इनहीं कों ध्यावैं।चारि पदारथ सहजहि पावैं
॥तुम कौं इहि जप तप बैरागा।केवल हरि पद तैं
अनुरागा॥७॥या सम धर्म न दूजो कोई।हरि पद
की महिमा नहिं गोई॥जद्यपि जथा जोग ब्योहारा।
कहत तुमहिं यह श्रुति अनुसारा॥८॥परम सुथ
ल कुरुषेत्र उदारा।इहां करहु तुम मष बिस्तारा॥
सुनि रिषि गिरा परम सचु पायो॥निरषत हरिहि ह
रष हिय छायो॥९॥तब मुनीस अग्या चित लाई।ज
ग्य करन कौं सुदिन दिषाई॥जिहि बिधि रिषि अनु
सासन दीन्हा॥तिहि बिधि सुग्य न अज्ञा कीन्हा॥१०
॥करि प्रणाम आयसु सिर धारी॥तिन सामग्री सक
ल सँवारी॥देस देस तैं भूपति आये।जिन सबहिन
बसुदेव बुलाये॥११॥रानी सब रनिवास हिं आई।सा
दर सबकौं भवन दिवाई॥बहु बिधि होहिं नित्त जि
व नारा।परसत भोजन सुघर सुवारा॥१२॥अन्न बस
न बहु धाम भराई।रिद्धि प्रताप बरनि नहिं जाई॥पु
नि सब बिप्र बृंद कों बोले।बहुत भाँति दिये दान अ
तोले॥१३॥परम रुचिर बेदिका बनायो।बिधिवत मु
नि जन जग्य करायो॥भयो जग्य तहँ अतिहि उदारा।

संपति की कछु रही न पारा॥१४॥ कमलापति जिहि
सुत कहवाहीं। कमला आपु लुबुधु ग्रह माही॥ त
हाँ रिद्धि की कौन चलावै। सक्र संपदा निरषि लजावै॥
१५॥ पुनि भूषन पहिरावन दीन्हा। अति सनमानि बि
सर्जन कीन्हा॥ मुनिजन गये आपने धामा। हर्दै रा
षि सुंदर घन स्यामा॥१६॥ दोहा॥ परम मगन बसुदे
व मन। निरषि स्याम बलराम॥ गोर स्याम सोभा अव
धि। रूप पुंज गुन धाम॥१॥ सुनि सुनि हरि हलधर सु
जस। देवै अंग न माय॥ आनंदित रनिवास सब। बा
सर सुषद बिहाय॥२॥ मुदित गोप गोपी सकल। नंद
जसोदा मात॥ निसि दिन जात न जानहीं। परम प्रफुल्लि
त गात॥३॥ ब्रजजन परमानंद मय। परिपूरन मन का
म॥ प्रमुदित निरषत स्याम नित। लोचन सुषद ललाम
॥४॥ ऐसी बिधि कुरुषेत मैं। बीते दिवस अनेक॥ ब्रज
बासिन जान्यौ नहीं। मनहुँ भयौ छिन एक॥५॥ तब इ
क दिन कहि देवकी। हरि प्रति सब समुझाय॥ बिस
रि गयो तुहि द्वारिका। रह्यौ आय इत छाय॥६॥ ब्रज
जन अति प्रिय जानि तुझ। कह्यौ न अब लौं याहि॥
कहँलौं करिये कान तिन्ह। रहत बनत इत नाहिं॥७
॥ बिनसत है तुम बिन सकल। राज काज नय नीत॥
चलहु जाय सुध लीजिये। बहु दिन भये बितीत॥८॥

सुनत स्याम देवै की बानी॥ अपनेहू मन मैं यह ठानी॥ ब्रजजन मिलन कह्यौ इक बारे। अवधि बुदेसु बचन प्रतिपारे॥१॥ हरि के बचन अन्यथा नाहीं। जोइ भाषत सोइ करत सदाहीं॥ बचन हेत प्रभु बलि के द्वारे। ठाढ़े अजहूं होत न न्यारे॥२॥ बचन हेत गृह तजि रघुराई। पुनि बहु भरथ जाय समुझाई॥ बहुरि अवध तन किये न आनन। सीय सहित सेयो प्रभु कानन॥३॥ बचन हेत जन सुत कहवावैं। तजि बैकुंठ गर्भ मैं आवैं॥ बचन हेत जसुमति नंद जाये। बालपने हित करि पय प्याये॥४॥ बचन हेत कुरुषेत्रहि आये। ब्रजबासिन के बिरह नसाये॥ पुनि सुरकाज हेतु सुरराई। द्वारामति को सुरत उठाई॥५॥ गुन गंभीर उदधि जदुराई। देवै प्रति तब कह्यो सुनाई॥ ब्रजजन जाय बिदा अब कीजै। आपुन द्वारावति सुधि लीजै॥६॥ वे सब रहन इहां करि जाना। कत दुबिधा मैं राषिय प्राना॥ ऐसे कहि घनस्याम सिधाये। नंद जसोदा के ढिग आये॥७॥ मनहीं मन सोचत गिरधारी। बहुरि कह्यौ कर जोरि बिहारी॥ इतने दिनन रहे तुम पासा॥ भये सकल बिधि पूरन आसा॥८॥ तुमरे चरन तज्यौ नहिं जाई॥ पै अति आय परी कठिनाई॥ सुनि यह ज

सुमति नंदसकानें।कहत कहा हरि परत नजाने॥९॥
स्याम न सनमुष सीस उठावैं।कंपत बदन बैन न
हिं आवैं॥बहुत दिवस बीत्यो इहि ठाहीं।सुषमें जा
नि पस्यौ दिन नाहीं॥१०॥पुरी द्वारिका मैं कोइ नाहीं
।समुझि सुसोच भयो मन माहीं॥यातैं याकौं आय
सु दीजै।आप जाय ब्रज की सुधि लीजै॥११॥जब यह
बचन कहो बलबीरा।नंद जसोदा भये अधीरा॥गिरे
धरनि नैनन बह बारी।कहत न ऐसी कहहु मुरारी॥
१२॥हे मोहन जीवन ब्रज नाथा।बिरध बैस जनि कर
हु अनाथा॥ब्रज मैं जाय कहा सुष लैहैं।तुम बिनु का
कौं निरषि सिरै हैं॥१३॥तहं बसुदेव देवकी आई।द
सा देषि नैनन जल छाई॥कहत नंद मोकौं संग लीजे
।जसुमति रोवति नैकु न धीजै॥१४॥मैं जदुनंदन धाय
कहावत।धायन हूं तो मान बढ़ावत॥हौं तो कछू च
हत हौं नाहीं।मोकौं रहन देहु ग्रह माहीं॥१५॥हमरहु
सरबस गोधन लीजै।नैकु कन्हैयहि देषन दीजै॥सुनि
सुनि हरि भरि लेत उसासू।बारिज लोचन मोचत आँ
सू॥१६॥ दोहा॥बिरह बिथा व्याकुल सकल।ब्रज बासी
नर नारि॥जित तित ही रोवत सकल।परि गयो हाहा
कार॥१॥अति षर भर भइ भीर तहांसबके बदन उदा
स॥मनु कीन्हे कुरुषेत्र मैं।करुना आय निवास॥२॥ क

ह्वो हरिहि बसुदेव तब।हम इततैं टरि जाहिं॥यह सं
ताप कलाप दुषादेषि सकत द्रिग नाहिं॥३॥मोहन म
नहिं बिचार करि।ब्रज जन प्रेम अधीर॥जो हठ करि पठ
वहुं इनहिं।मरिजैहैं मम पीर॥४॥तब प्रभु कीन्ही जुक्ति
निज।माया दीन्ही प्रेर॥जीव चतुर्दस भुवन जिन्ह।करि
राषे सब जेर॥५॥जा माया के बस सकल।नारदादि सुर
सिद्ध॥छिन मैं देत भुराय निज।रहत नैक नहिं बुद्ध॥६॥
एक न समै बिरंचि के दिये बुद्धि बिसराय॥हरि ल्यायो ह
रि के जबहिं।ब्रज तैं गोप रुगाय॥७॥मथ्यो सिंधु जब अ
मिय हित।झगरे सुर रु सुरारि॥मूरत भइ तब मोहनी।मो
हि रहे मदनारि॥८॥चौपाई॥तहं ब्रज जन की कौन च
लावै।हरि की माया कहत न आवै॥फैलि गई चहुंवोर
उदासी।चलन चलन भाषन ब्रज बासी॥१॥माया बिब
स रही सुधि नाहीं।चले सकल ब्रज बासी जाहीं॥गाय ब
छ धाये तिन साथहिं।उलटि न कोउ देषत ब्रज नाथ
हिं॥२॥जा माया के ये गुन भारी।ताके बस न भई इक
प्यारी॥यह सुनि प्रश्न करत जो कोई।राधा कत न भई
बस सोई॥३॥पूरन माया आपुहि राधा॥इक गुन ताहि
करहि कह बाधा॥अग्नि रास मैं ज्यौं चिनगारी।त्यौं मा
या ब्रषभान दुलारी॥४॥बैठि रही रुकमिन ग्रह प्यारी
।बहु बिधि समुझावत बनवारी॥राधा चित्त नैक नहिं

डोलै॥ बहुरि स्याम तैं ऐसे बोलै॥५॥ वे दिन बिसरि गये
मन मोहन। फिरत रहे मम गोहन गोहन॥ मोहिन
चरित अमित हठ ठाने। बिछुरत ही ह्वै गये बिराने
॥६॥ निकुराषि यहि दृग ब्रज वारे। ऐसे निठुर होत
कत प्यारे॥ यौं कहि मौन रही ह्वै प्यारी। तब हरि अ
पने मनहिं बिचारी॥७॥ सत भामादिक नारि बुला
ईं। तुरतहि सकल तहाँ चलि आईं॥ नैनन की से
नन करि तिनकौं। कह्यौ सबन समुझावहु उन कौं
॥८॥ यह सुनिके मन मैं हरषानीं। प्यारी प्रति बोलीं
सब रानीं॥ जदुनायक जो बात बषानत। राधा सो क
त नहिं मन आनत॥९॥ तुम सम जग चातुर को ना
गरि। अति परबीन सकल गुन आगरि॥ समुझि दे
षु अपने मन माहीं। यामैं कछू बड़ाई नाहीं॥१०॥
पर घर बैठ रही हठ ठानी। एकहि बार छाँड़ि कुलका
नी॥ राधा मोहन के रस सानी। कौन सुनै समुझै किहि
बानी॥११॥ इक गोबिंद ध्यान उर माहीं। दूजी और
बासना नाहीं॥ स्याम बिना जीवन ध्रग जग मैं। को
फिरि है चलि हरि हित मग मैं॥१२॥ उदरहि मारि
कटारिन मरिहैं। बिछुरन बिरह ताप नहिं जरिहैं॥
बरु बटि गरल करहुँ कर पाना। ताल बूड़ि तजिहौं न
तो प्राना॥१३॥ इहि बिधि प्यारी मीच बिचारी। स्याम

विया बिछुरन लषि भारी॥परी दृष्ट सरवर पर जाई।
निरषि अगाध नीर मन भाई॥१४॥मन मैं धरि मन
भावन प्यारो।वे ब्रज वनि के सुषन सँभारे॥उमगि परी
सर मैं सुष पावन।बिरह अनल की ताप नसावन॥
१५॥भयौ कंठ लौं जल तिहि ठाहीं।जनु सरसिज सो
हत सर माहीं॥हरि चरित्र जानो नहिं जाई।संतत नि
ज जन के सुषदाई॥१६॥ दोहा॥प्यारी प्रेम निरषि कु
ढ़त।भामा भामिनि अंग॥इहि लक्षन लषि परत मुहि
ले जैहैं हरि संग॥१॥रोस बिबस नहिं रहि सकत।ह
रि सन्मुष आसीन॥कहत परायो पीव कहुँ लैहै जो
र न छीन॥२॥षिजत भये लोचन अरुन।बोलत अति
कटु बोल॥सालत वे जे दुष सहे।कहे सुमन के षोल
॥३॥बहुत दिनन लौं सुष कियहु।सो अब भूलहु का
हँ॥जाय बैठि ब्रज षरक निज।अंत परायो नाह॥४॥
बासुदेव भाषत जगत।छपन कोटि जदुनाथ॥अब इ
नकौं नहिं फबत यह।कियो तुम्हारो साथ॥५॥द्वै दिन
सिसु पन ह्वै गयो।दुहत रहे जब धेनु॥किये रास रस
रंग बन।फिरत बजावत बेनु॥६॥नृप तनया सोरह स
हसा बरी एक से आठ॥हेत प्रीत अब को गनहिं।भ
ई महल की ठाट॥७॥वेवहु ग्वाल गवाँर निज।लाय
क नानहु नेह॥लोक बेद तजि हठ करत।पैठत हैं प

र गेह॥८॥चौपाई॥ कुल जुबती की बातहिं न्यारी
।निबहत नेम नाह की प्यारी॥जननी जनक सम
पैंत जाही।तजत न कबहुँ बधू कुल नाही॥१॥ इ
न बातन आवत नहिँ लाजा।झगेड़त पर पीतम
के काजा॥सुनि सरोस भामा की बानी। सर तैं बोली
राधा रानी॥२॥कह कुढ़ि कुढ़ि इतनो दुष पावै
।ऐगुन कान्हू हि नैकु न भावै॥ इतनो गरब कर
त मन माहीं।जनु अरु कोउ जग ब्याही नाहीं॥
३॥ सकल चहूं दिस ब्याहे होई।प्रेम पन्थ पाव
त नर कोई॥ यहै गावत सद ग्रन्थन माहीं। प्रेम
बिना नर पावत नाहीं॥४॥ नेम धस्यौ तिन नैकु
न जाने।रहै आपने गरभ भुलाने॥ हरि कबहूं कि
हि नाते नाही।होत प्रेम बस स्याम सदाहीं॥५॥
हीन बरन कुल जात न जाने। केवल रहत प्रेम र
स साने॥ अधम उधारन हरि को बाना। गनिका
तास्यौ सब जग जाना॥६॥ केवट कीस गिद्ध ग
ज तारे। ब्याध निषाद निकिष्ट उधारे॥ बाल सुता
दि प्रभंजन नंदन। तारे कपि हन्दहि रघु नन्दन
॥७॥विद्या भूति बुद्धि चतुराई। इन बातन रीझत
न कन्हाई॥ नीच कुचील षलहि नहिं देषैं। केवल
प्रेम भक्ति करि लेषैं॥८॥ छपन कोटि जदु नाते बा

रे।तिन तैं स्याम किते। हित पारे॥ ब्रज बासी जन
अहिर गवाँरा। ते हरिजू के प्रान अधारा॥ ९॥ प्रेम
हिं हित नाते। सब ठाने। हरि प्रति पूछ लेहि नहिं
माने॥ जननी जनक नेम करि देहीँ। ते ते। जगत मान
सब लेहीँ॥ १०॥ तैं अधिकार अधिक कह कीन्हा।
किते। अजस हरि हित सिर लीन्हा॥ ते। पितु जस
परगट जग माहीँ। मनि चोरी दीन्ही हरि पाहीँ॥ ११॥
मन मोहन सखि परगट कीन्हैं॥ तब षिसियाय लाय
तुहि दीन्हैं॥ समै परे नर जान्यौ जाई। ते। पर किती
परी कठिनाई॥ १२॥ कूप मध्य दादुर कह जाने। सिं
धु अपार सार नहिं मानै॥ याकी गति रस रुकमि
नि बूझै। प्रेम पंथ तोकहँ नहिं सूझै॥ १३॥ आपु न
समुझत नेम रु प्रेमू। सिषवत परहि गिरा बुद्धि जेमू
॥ प्रेम प्रताप बिदित नहिं तोही। प्रेम बिना हरि भक्ति
न होही॥ १४॥ भक्तन की महिमा को बोलै। जिन्ह सँ
ग हरि आयुध धरि डोलै॥ दुरबासा हरि भक्तहि त्रा
स्यो। प्रभु सोउ मुनि के गरब हि नास्यो॥ १५॥ भक्त अ
पमान स्याम नहिं करहीं। भृगु की लात हृदै निज धर
हीं॥ भक्त बस्य सो चक्र चलायो। दुरबासहि नृप सर
न दिखायो॥ १६॥ दोहा॥ हरि हरिजन अंतर नहीं॥ श्री
मुष कह्यो सुनाय॥ द्वैत भाव जे जानहीं। ते नहिं हरि हि

सुहाय॥१॥सानुकूल भक्तहि सदा॥कबहुँ न आव
न कोह॥जद्यपि गुन औगुन करहिं॥तद्यपि राषत
छोह॥२॥बेद बदत सब जग बिदित॥हरि हरिजन अ
नुसार॥भक्त बस्य प्रभु भक्त हित॥अकरन करन मुरा
रा॥३॥भक्ति न आवै प्रेम बिनु॥भक्ति बिना नहिं भक्त॥
नौधा भक्ति कहावई॥पिमहिं के आसक्त॥४॥कोटि ब
रष लौं तप तपिय॥बिबिधि भाँति करि नेम॥हरि हिरदै
आवैं नहीं॥जौ लगि प्रगट न प्रेम॥५॥छिन भर हूं जो प्रे
म करि॥चित पावै बिस्राम॥बिनु प्रयास भव निधि तर
इ॥लहै स्याम पद ठाम॥६॥कहा भयो हरि द्वारिका॥ब
से छाड़ि ब्रज बास॥तद्यपि मन मैं है रहे॥ब्रज जन हीं के
पास॥७॥तुम तैं बिछुर किये बिपुल॥सुर नर मुनि के
काज॥सदा निरंतर बसत ब्रज॥प्रेम बिबस ब्रज राज॥
८॥चौपाई॥प्रगट प्रेम रबि जा उर राजै॥तहं षद्योत ने
म कत छाजै॥जो लगि प्रेम प्रगट नहिं अहई॥तौ लगि
नेम जगत को गहई॥१॥प्रेम रतन जबही नर पावै॥नेम
कांच कर तैं छिटकावै॥प्रेम रहित नर सोहहिं कैसे॥सो
म बिहीन सर्बरी जैसे॥२॥प्रेम रहित नर सोहहिं कैसे॥बि
ना सरल ना साधू जैसे॥प्रेम रहित नर सोहहिं कैसे॥बाग
बिचि बृछ बिनु जैसे॥३॥प्रेम बिना नर पसू समाना॥प्रेम
लह्यौ तिन्ह सब कछु जाना॥प्रेम कथा कछु जात न गायो

।सेवरी को चाष्यो फल षायो॥४॥प्रेम बिबस श्रीरघु कुल चन्दा॥ दनुज वृन्द कर कियो निकन्दा॥सक्ति प्रहार हृदै निज लीन्हा॥पाछे राषि बिभीषन दीन्हा॥५॥भक्तहि देषि सकहिं नहिं भीरा।प्रेम बिबस आपुन सह पीरा॥ऐसे प्रेम बिबस गोबिन्दा॥बँधे जाय धीवर के फन्दा॥६॥ प्रेम बिबस रुकमिनिहिं बिवाहीं।अजहुं सिरोमनि नारिन माहीं॥प्रेम बिबस द्विज तंदुल षायो।चरनोदक लै सीस चढ़ायो॥७॥बिपुल बिभूत दई जग जाने। तबहू स्याम रहे सकुचाने॥प्रेम बिबस प्रभु दूत कहाये। पाण्डव हेत बसीठी धाये॥८॥दुरजोधन को मेवा त्याग्यौ।साक बिदुर घर नीको लाग्यौ॥ भारथ समर कियो जब पारथि।प्रेम बिबस आपुन भये सारथि॥९॥कीन्हे बिपुल प्रेम बस लीला। कहँ लौं कहिये चरित सुसीला॥प्रेम बिबस प्रभु काह न कीना। ब्रज मैं अति चरित्र रंग भीना॥१०॥सेस महेस सुरेस गनेसा। अंत न पायो किन्हहूँ लेसा॥प्रेम बिबस जसुधा के धामा। ऊषल बाँधि रहे घन स्यामा॥११॥गिर गोबरधन कर पर धार्यो।प्रेम बिबस बन गैयन चार्यो॥ ब्रज बासिन को जूठन षायो॥जिहि अविलोक बिरंच भुलायो॥१२॥कियो पान दावानल पल मैं।नंद हेत धाये हरि जल मैं॥प्रेम बिबस भये गोपी नाथा॥ इन पायन पर पर

से माथा॥१३॥ऐसे स्याम प्रेम रँग राचे।षोड़स सहस रूप धरि नाचे॥जो सुष इन्द्रादिक नहिं देष्यो।सारद नारद कबहुँ न लेष्यो॥१४॥जो अज संकरादि नित ध्यायो।सो ब्रज गोप सुगम करि पायो॥तेरे अग्र प्रेम का लेषा।लोचन हीन मुकुर मनु देषा॥१५॥सत्य सूर लज्या छबि गाता।दानरु दया शील हित बाता॥जिहि बिधि देइ दई सो होई।कोटि करहु सीषे नहिं कोई॥१६॥ दोहा॥ लाष बात की बात यह।कत करिए बकवाद॥जिहि ब्यापै सो जानहीं।प्रेम सुरस को स्वाद॥१॥जहाँ बसत हरि भक्त उर।तहाँ रहत हौं संग॥बहुरि गिरा करि रटत जब।दम्पति परत न भंग॥ २॥जनि गरबित मन में रहहु।मम सम प्रेम न तोहि॥ पूछत किन जदुराय सौं।झूठ साँच को होहि॥३॥ सुनि सुनि स्यामा के बचन। अति अनन्द जदु नन्द॥ तब सतभामा प्रति कह्यौ।बिहँसि स्याम सुष कन्द॥४॥राधा कहत सु सत्य मुहि।इहि सम प्रिय नहिं कोइ॥ कितनो हू कोऊ करहु।याकी सर नहिं होइ॥५॥ब्रज बासिन हित को कहइ।प्रेम पुंज की षान॥ प्रगटहिं प्रेम अषंड उर।करहिं जो इन गुन गान॥६॥प्रेम लह्यौ तिन सब लह्यौ।कछु न एक बिन प्रेम॥लोन बिना भोजन बिरस प्रेम हीन नर तेम॥ ७॥जिन पायो तिन प्रेम करि। इन

जु कही सो सार॥भईं षिस्यानी सुनत मन।रुकमिनि
बिनु सब नारि॥८॥चोपाई॥ तब प्यारी प्रति कह्यौ
कन्हाई॥तूं कत सर में रही समाई॥ बाहिर निकसि
आव मो पाहीं।सोच रही कत निज मन माहीं॥१॥
कहत न कत उर मैं जो आई।भावी है सो मेट न
जाई॥जब मोहन यौं बचन सुनाये॥तब राधा मन
धीरज आयौ॥२॥सुनहु स्याम घन अंतरजामी। करु
ना निधि प्रभु त्रिभुवन स्वामी॥सदा कृपाल अभै के
दानी॥भक्त सुषद जस निगम बषानी॥३॥गुन सागर
नागर नंद नंदन।आनँद कन्द भक्त उर चन्दन॥सगु
न रूप सुंदर दिब्येसा। इच्छा पूरन परम रमेसा॥४॥र
सिक सिरोमन रास बिहारी।बाँके बंसीधर गिरधारी
॥ब्रज बल्लभ गोपी जन प्यारे।अहो जसोदा नन्द दुला
रे॥५॥जो यह बचन मानिके लीजे।माँग्यौ दान हमैं
प्रभु दीजे॥तौ सरवर तैं बाहिर आऊं।ना तरु याही
ठाम समाऊं॥६॥सुनि सप्रेम प्यारी के बैना।भरि ली
न्हे दोउ राजिव नैना॥गद गद कहत कहत कत ना
हीं।जो माँगहि देहौं इहि ठाहीं॥७॥भक्तहि कछु अ
देय नहिं मेरे।भाषत चरन सपथ करि तेरे॥सदा भक्त
को भायो ठानौं।भक्तन हीं के हाथ बिकानौं॥८॥ बरु
मैं आपु सहौं कठिनाई।भक्त बिरह मोहि सह्यौ न

जाई॥ तोसे भक्त भाग तें पाऊँ।निस बासर जिन
के गुन गाऊँ॥९॥भक्त प्रेम बस बिबस रहौं नित।सु
मन बास हित अलि जिमि जित तित॥सृष्ट मांह भक्त
हि मोहि प्यारा।भक्तन हीं के हित अवतारा॥१०॥त
ब राधा बोली मनमोहन।वृंदाबन डोलो तुम गो
हन॥वे ब्रज बेष बाँसुरी लीन्हे।नटवर साज मनोह
र कीन्हे॥११॥नित्त साँवरी मूरत पेषौं।तो मैं बहुरि जा
य ब्रज देषौं॥ना तरु साँची कहत बिहारी।यह तन
तुम पर है बलिहारी॥१२॥सुनत बचन प्रभु करुना
ऐना।एव मस्तु बोले सुष दैना॥यह सुनिके प्यारी सचु
पाई।निकसि ताल तैं तट पर आई॥१३॥ता छिन ल
सी राधिका ऐसी।प्रगटी रमा छीरनिधि जैसे॥तब रुक
मिनि बर बसन सँवारी।हित करि चुनि पहिराई सारी
॥१४॥मिलीं परसपर उभै सुहाई।प्रीति रीति कछु जात
न गाई॥कौतुक निधि हरि एक अनंता।द्वै तन धारि लए
भगवंता॥१५॥गए द्वारिका नृप तनधारी।धरनी हित प्र
भु पातक हारी॥राधहि ता तें संग न लीन्हा॥अचल
बेष हरि ब्रज हित कीन्हा॥१६॥दोहा॥निराकार निर्गु
ण यदपि।तदपि सगुन धरि देह॥करत फिरत नाना च
रित।केवल भक्त सनेह॥१॥गिरा ग्यानहू अगम गति
।अंत न लहे गौरीस॥नित नूतन गुन गावहीं।रसना

सहस अहीस॥२॥निज मुष तैं भाष्यौ अहो।भक्त
अतिहिं प्रिय मोहि॥भक्त बचन उलंघौं नहीं।अबिहि
त बिहित जो होहि॥३॥भक्तन की महिमा अमि
त।पार न पावै कोय॥जहाँ भक्त जन पग धरैं।अस
ट्स तीरथ सोय॥४॥भक्त संग छाड़ौं नहीं।सदा र
हत तिन पास॥जहाँ न आदर भक्त को।तहाँ न मे
रो बास॥५॥फिरत धाम बैकुंठ तजि।भक्त जनन के
काज॥जोइ जोइ जन मन भावहीं।धारत सोइ तन
साज॥६॥ज्यौं बिहंग बस पींजरे।रहत धनी आधी
न॥त्यौं हीं भक्ताधीन प्रभु।निज जन हित तन लीन
॥७॥ऐसे प्रभुहि न जे भजहिं।ते नित भव भ्रम अं
ध॥भक्ति किये निज प्रभु सदृस।करत ताहि निर
बंध॥८॥चौपाई॥इच्छा मात्र सकल जग करता
।पालन हार सकल संघरता॥कंपत काल जासु भ
य भारी।सोई भक्ताधीन मुरारी॥१॥भक्तन हित
नाना तन धारे।सुक सनकादिक गावत हारे॥अ
ति अलक्ष्य गति जानि न जाई।बेदहु जाको भेद
न पाई॥२॥पूरन ब्रह्म सच्चिदा नंदा।परमानंद दरन
दुष दंदो॥आदि पुरुष सचराचर रूपा।अज अद्वैत
अषंड अनूपा॥३॥अभय असंग अनीह अनामा।
अमित अरूप जोतिमय धामा॥परम उदार बिस्व

के मंडन। दीन दयाल भक्त भै षंडन॥४॥ संतत संत
हि रहत सरल सो पल बन गह नहिं दहन अनल
से॥ चिंतत दायक सुर तरु वर से। तम भ्रम हरन दिवा
कर कर से॥५॥ निधन जनन कौं कोटि धनद से। मुनि
मन सिषिहि सघन नीरद से॥ पतितहि पावन सुरसरि
तट से। भव बोहित तारन केवट से॥६॥ सत्रु निकर
कौं महा सुभट से। गोपी जन कौं अति लंपट से॥
निकट निहारत निपट निडर से। दूरि बिलोकत अतिहि
बिकट से॥७॥ संतत हरि जैसे कौं तैसे। ठानत कबहूं
नाहिं अनैसे॥ हरि की गति हरि ही बनि आवै। कह
त सुनत किहि समुझि न आवै॥८॥ धरि नट रूप
राधिका साथा। वृंदाबन आये ब्रज नाथा॥ वै किसोर
नव जुगल बिहारा। रहत सदा ब्रज नंद कुमारा॥९॥
जिनहिं प्रेम तैं नैन निहारे। तन मन धन छवि पर ल
षि वारे॥ मोर मुकुट गुंजा बन माला। कटि कछनी पट
पीत रसाला॥१०॥ नील कमल दल मंजुल बरना। नैन
चपल अनियारे अरुना॥ मकराकृति कुंडल श्रुति सो
हे। छबि अवलोकि मैन मन मोहे॥११॥ अंग अंग आभू
षन सुंदर। सोभित जनु सोभा के मंदिर॥ वे बन धा
तुन चित्रित कीन्हे। कनक लकुटिया कौंषहिं लीन्हे॥
१२॥ मधुर मंद मृदु मुरलि बजावत। मुष ढिग लसत

वेध करु छाजत॥ बाम अंग सोहत श्रीप्यारी। छबि की सीव अमित उंजियारी॥१३॥ मनि मय भूषन भूषित चारू। कीन्हे सुभ षोड़स सृंगारू॥ जुगल मनोहर छबि की सोभा। भ्राजत कोटि सूर ससि ओभा॥१४॥ वृंदाबन चैतन्य सरूपा। कृष्ण बिहार हेत जदु रूपा॥ चिंतामनि मै महा सुदेसा। परसत रहत न अघ लव लेसा॥१५॥ वेई कदम कुंज की छाया। जिहि लषि मिटत मोह मद माया॥ सुमन सुगंध झरत साषा तैं। गुंजत भ्रमर भ्रमत मद मातैं॥१६॥ दोहा॥ परम रम्य वे घन सघन। कुंज पुंज छबि धाम॥ वेई ब्रन तरु हरित अरु। लता सुललित ललाम॥१॥ ❀ ॥ वेई बरही नटत बर। कूकत कोकिल कीर॥ वे मराल कलरव करत। वे जमुना के तीर॥२॥ वे षग मृग बोलत बिबिध। बहत त्रिबिध सु समीर॥ प्रफुलित वे कैरव कमल। वे तरंग वे नीर॥३॥ वेई बिपन बसंत नित। वेई गोपी वृंद॥ वे रजनी रस रास बर। करत नवल ब्रज चंद॥४॥ बरषत गगन बिदूष जन। सुमन सुगंध अपार॥ बंछत वृंदा बिपिन रज। बंदत बारंबार॥५॥ वे राधा माधव सदा। ब्रज मैं करत बिहार। धन्य सुथल परसत चरन। रतन जात बलिहार॥६॥ प्रेम रतन गावहिं सुनहिं। जे सप्रेम नर नारि॥ कृष्ण प्रेम से पावहीं। स

फल सुषन को सार॥७॥हरि सम जग कछु बस्तु न
हिं।प्रेम पंथ सम पंथ॥सत गुरु सम सज्जन नहीं।गी
ता सम नहि ग्रंथ॥८॥ सोरठा॥जो जन होहु सुजान
। लीजो चूक सुधार धरि॥ बालक अति अग्यान।हौं
अजान जानत न कछु॥१॥ अति जड़ बुद्धि मत मंद।
नहिं कबि बुधि नहिं चतुर कछु॥ मो कौं गमहु न छंद
॥यह गायौं गुरु कृपा तें॥२॥ठारह से चालीस।चतुर
बरष जब बितित भय॥बिक्रम नृप अवनीस।भये
भयो यह ग्रंथ तब॥३॥माह माह के माह।अति सुभ
दिन सित पंचमी॥गायो परम उछाह।मंगल मंगल
बार बर॥४॥कह्यौं ग्रंथ अनुमान।त्रय सत अरसठ चौ
पई॥तिहि अर्ध रु अठ जान।दोहा सोरह सोरठा॥५॥
कासी नाम सुधाम।धाम सदा सिव को सुषद॥तीरथ
परम ललाम।सुभग मुक्ति बरदान छम॥६॥ता पाव
न पुर माहिं।भयो जनम या ग्रंथ को॥महिमा बरनि
न जाहिं।सगुन रूप जस रस भर्यौ॥७॥कृस्न नाम सु
ष मूल।कलि मल दुष भंजन भजत॥पावहिं भव नि
धि कूल।जाके मन यह रस रमहि॥८॥कुरु क्षेत्र सुभ
थान।ब्रज बासी हरि को मिलन॥लीला रस की षान।
प्रेम रतन गायो रतन॥९॥ इति प्रेमरतन भाषा समाप्त